Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to built concrete road for the welfare of people living in Faridkut.

प्रो. साधु सिंह (फरीदकोट): उपाध्यक्ष महोदय, मैं पंजाब की फरीदकोट कंस्टिट्युन्सी को रिप्रज़ेंट करता हूं। हमारे यहां के धर्मकोट एरिया से पंजाब की प्रमुख दरिया सतलुज बहती है। जब सतलुज फ्युरियस फेज़ में होती है तो इस इलाके के 50-60 गांव बिलकुल अपरूट हो जाते हैं, उनके घर डिमोलिश हो जाते हैं, उनकी जमीन, फसलें तबाह हो जाती हैं। उनके जानवर इसके फ्लो में बह जाते हैं। इसके बेसिन में जो लोग बसे हैं, वे भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय वर्ष 1947 में यहां आकर बसे थे । हर साल बरसातों के दिन उनके लिए नया पाकिस्तान बन जाता है, उनके लिए नया बंटवारा हो जाता है, उनके घर उजड़ जाते हैं। सब कुछ तबाह हो जाता है। इस तबाही को रोकने के लिए दो इम्बैंकमेंट भी बने हुए हैं। ये इम्बैंकमेंट्स सतलुज के बाईं ओर हैं…(व्यवधान) सर, एक मिनट मुझे दीजिए, मैं अपनी प्रॉब्लम बता रहा हूं। इन इम्बैंकमेंट्स के रिप्लेनिश करने की जरूरत है। प्रपोज़ल कन्सीव किया गया था, लेकिन पॉलिटिकल वेंडेटा होने के कारण से वह श्रेय नहीं चढ़ सका। उसको फिर से चलाया जाए और कंक्रीट की रोड बनायी जाए ताकि लोग वहां चल सकें।